अमर उजाला
दिनांक –09.08.2025

# आईआईटी बीएचयू और जापान विवि के बीच होगा एमओयू



आईआईटी बीएचयू में समझौते के दौरान मौजूद लोग। स्रोत-स्वयं

माई सिटी रिपोर्टर

**वाराणसी।** आईआईटी बीएचयू और जापान के विश्वविद्यालय के बीच एमओयू की तैयारी चल रही है। इससे शोध, तकनीकी और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। शुक्रवार को जापान के सकुरा साइंस प्रोग्राम के प्रतिनिधियों ने आईआईटी बीएचयू पहुंचकर सुविधाओं का जायजा लिया।

जापान से आए ताकाशी कोनिशी और यूजी निशिकावा ने आईआईटी बीएचयू के निदेशक प्रो. अमित पात्रा और बीएचयू के कुलपति प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी से भी मुलाकात कर शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को मजबूत करने की दिशा में बातचीत की।

जापान से आए प्रतिनिधियों ने आईआईटी में सेंट्रल इंस्ट्रूमेंट फैसिलिटी, प्रिसिजन इंजीनियरिंग हब का दौरा किया। इस दौरान प्रो. प्रलय मैती, प्रो. संतोष कुमार ने उन्हें अत्याधुनिक उपकरणों, शोध अवसंरचना के बारे में बताया। निदेशक के साथ बैठक में जापानी प्रतिनिधियों ने जापानी विश्वविद्यालयों एवं आईआईटी (बीएचयू) के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रो. पात्रा ने जेएसटी (जापान साइंस एंड टेक्नोलॉजी एजेंसी), जेएसपीएस (जापान सोसाइटी फॉर द प्रमोशन ऑफ साइंस) के कार्यों पर बातचीत की। बैठक में आईआईटी बीएचयू की ओर से प्रो. राकेश सिंह, डॉ. आशुतोष दुबे, डॉ. बीभुवनेश्वरी एवं डॉ. श्रवण मिश्रा ने अपने अनुभवों एवं चल रहे प्रोजेक्ट्स को साझा किया और द्विपक्षीय शैक्षणिक आदान-प्रदान के महत्व को बताया।

**जापान से आए वैज्ञानिकों ने सुविधाओं की जानकारी ली, निदेशक और बीएचयू कुलपति से की मुलाकात**

**बीएचयू के साथ एमओयू पर भी बनी सहमतिः** जापान से आए दोनों प्रतिनिधियों ने बीएचयू के कुलपति प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी से बातचीत कर यहां शैक्षणिक बिंदुओं पर बातचीत की। इस दौरान भविष्य में जापानी विश्वविद्यालय एवं बीएचयू के साथ समझौते पर सहमति बन गई। जापानी प्रतिनिधियों ने लोटस प्रोग्राम के बारे में बताया। इसमें 300 यंग रिसर्चस को अधिकतम एक साल के लिए भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है।